मुख्यालय, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उत्तर प्रदेश

कारागार भवन, पुरानी जेल रोड, पोस्ट आफिस–आलमबाग, लखनऊ–226005

पत्र संख्या–22102-183 /प्र0सु0अनु0–1/ दिनांक 19 जुलाई, 2019

सेवा में,

समस्त अधीनस्थ कार्यालयाध्यक्ष,
कारागार विभाग,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– जेल कार्मिकों को प्रशंसनीय/सराहनीय सेवाओं हेतु महानिरीक्षक कारागार का प्रशंसा चिन्ह दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–20319–90/गो0(1)/17/73/2018, दिनांक 09/13 जुलाई, 2019 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा जेल विभाग में आपातकाल आकस्मिक परिस्थितियों एवं लम्बे समय तक प्रशंसनीय/सराहनीय सेवाओं के प्रोत्साहन हेतु जेल कर्मियों को प्रतिवर्ष महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाओं के प्रशंसा चिन्ह (IG Commendation Disc) प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं।

कारागारों में स्वतन्त्रता दिवस एवं गणतन्त्र दिवस पर झण्डारोहण का कार्यक्रम कारागारों के मुख्य द्वार के अतिरिक्त कारागार के अन्दर बंदियों के मध्य भी किया जाता है।

इस सम्बन्ध में कहना है उपरोक्तानुसार निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुपालन में महानिरीक्षक प्रशंसा चिन्ह (IG Commendation Disc) प्राप्त करने वाले कार्मिकों को प्रत्येक वर्ष स्वतन्त्रता दिवस तथा गणतन्त्र दिवस पर आयोजित होने वाले समारोह में कारागार के अन्दर होने वाले झण्डारोहण कार्यक्रम के पश्चात कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक/प्रभारी अधीक्षक द्वारा प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया जायेगा। परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक कारागार के मुख्यालय स्थित कारागार में यह प्रशंसा चिन्ह उप महानिरीक्षक कारागार द्वारा प्रदान किया जायेगा। तत्पश्चात् अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराये जाएंगे।

उपरोक्त का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

भवदीय,

(आनन्द कुमार)
पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।